**खबर संक्षेप**

### युवक की हादसे में मौत

**करनाल।** अराईपुरा रोड पर साइकिल की दुकान चलाकर अपनी आजीविका कमाने वाले घरौंडा निवासी एक युवक की चिढ़ाव मोड पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घरौंडा निवासी अनिल अराईपुरा रोड पर साइकिल की दुकान चलाकर अपने आजीविका कमा रहा था। शुक्रवार को छुट्टी के दिन अनिल के 10 वर्षीय बेटे सूजन ने निसंग में मामा के घर जाने की जिद की थी अनिल ने बाइक से बेटे को लेकर निसंग पहुंच गया। और वहां कुछ घंटे रुकने के बाद लौट रहा था। जैसे ही बाइक करनाल के चिढ़ाव मोड़ के सभी पहुंची तो वाहन ने इक को टक्कर मार दी। अनिल सड़क पर गिरा मौके पर मौत हो गई। बेटा अभी गंभीर है।

### हादसे में वृद्ध की मौत

**पानीपत।** पानीपत की पुरानी मंडी में एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा चालक ने सड़क क्रॉस कर रहे चिमनलाल निवासी अमर भवन चौक को टक्कर मार दी। हादसा करने के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। वहीं चिमनलाल को घायल अवस्था में त सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### प्रवासी बच्चा घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव बलाना में सड़क हादसे में सात साल का लडका राजा बाबू पुत्र पप्पू शाह मल निवासी बिहार घायल हो गया। मेडिकल स्टोर से दवा लेकर निकले राजा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मारी थी। बच्चे का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

संघ की ओर से हर्षोल्लास से मनाया होली उत्सव

# फाग उत्सव हमें समरसता के साथ बुराई पर अच्छाई का भी देते संदेश

देशभक्ति से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं

- विजेता प्रतिभागियों को गणमान्य अतिथियों ने सम्मानित भी किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



करनाल। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाते हुए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माधव नगर द्वारा रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उत्साह के साथ संघ व विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से होली उत्सव मनाकर समाज में स्वस्थ परंपरा का संदेश दिया। कार्यक्रम में सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फाग उत्सव का भारतीय परंपरा में विशेष महत्व है। यह पर्व हमें समरसता के साथ हमें बुराई पर अच्छाई का संदेश भी देता है।

### संघ समाज को जोड़ने का करता कार्य

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को जोड़ने का कार्य करता है। यह केवल एक दिवस मनाने वाला त्योहार नहीं, बल्कि हमें एकत्व के भाव में बाँधने और अपनी सकारात्मकता को उन्मुक्त करने का अवसर है।

### महाकुंभ का जिक्र

महाकुंभ का जिक्र करते हुए सेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ ने पूरी दुनिया को यह दिखाया की हिन्दू समाज समस्त मानव जाति के कल्याण और सह अस्तित्व के साथ सर्व समावेशी परम्परा से संपन्न है। अनादि काल से सनातन संस्कृति की समता, एकता की ये परंपरा बिना जाति, वर्ग, क्षेत्रवाद और भाषा के भेदभाव के बिना प्रयागराज में संगम तट पर महाकुम्भ में अनवरत चलती आ रही है। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और स्वयंसेवकों ने गीत,संगीत, कविता और नृत्य के माध्यम से होली उत्सव में उत्साह का रंग भर दिया। देशभक्ति से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। विजेता प्रतिभागियों को गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर विभाग संघचालक माननीय सुधीर कुमार, नगर संघ चालक सुभाष सचदेवा, सह विभाग कार्यवाह महेंद्र कुमार,विभाग प्रचारक संजय कुमार ,जिला प्रचारक लखपत राय, प्रांत विद्यार्थी कार्य प्रमुख पुरुषोत्तम कुमार, जिला कार्यवाह विकास यादव, नगर कार्यवाह भारतभूषण, सह नगर कार्यवाह राजीव पोपली सहित संघ के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नगर के गणमान्य लोग शामिल हुए।



### एक शाम होली के गीतों के नाम संध्या ने सभी का मन मोहा

**करनाल।** होली की पूर्व संध्या पर मनिंदर बब्बू केरोके क्लब ने शहर के एक होटल में रग बिरंगा गीतों का गुलदस्ता प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी ने यादगार गीतों की प्रस्तुति दी। गीतों भरी शाम को मनिंदर सिंह बब्बू और अरविंदर सिंह ने स्वरों के संयोजन के साथ संजोया। इस अवसर पर सभी को होली के उपहार दिए गए। कार्यक्रम का संयोजन विनस छावड़ा ने किया। कार्यक्रम की आगाज अरविंदर सिंह और मनिंदर सिंह बब्बू ने दिल तो पागल है गीत गा कर किया इसके बाद अनि रुद्ध कालड़ा तथा पुष्पा कालड़ा ने यह पर्दा हटा दो,कंवल कुमार और रजनी ने आ मैरे हमजोली, प्रदीप त्यागी और संगीता ने नैनो में सपना, हरीश बधावन और किरण रावल ने आजा सनम, अवतार सिंह तारी ने, रसनीत मक्कड़ ने ,नरेश दत्त और शिखा दत्त ,अनिल गिरधर और किरण रावल ने, विजय शर्मा और नेहा ने, अवतार सिंह तारी और उर्मिला जी ने छुप गए सारे नजारे ओए क्या बात हो गई,देवेंद्र अरोड़ा और ऊषा ने ,अरुण थापर और रष्मि ने होली खेले रधुबीरा, जगमोहन सिंह ने गीत प्रस्तुत किए। इस सफर को आगे बढ़ाया अंजली शर्मा और पूनम शर्मा की जोड़ी ने विनय छावड़ा और गीता छावड़ा की जोड़ी ने उड़े जब जब जुल्फें तैरी, राकेश बंसल और अजय जैन ने यह दोस्ती, विनोद भाटिया और जरनैल सिंह ,रंजीत गिल और राजेश योगी, योगिंदर सिसोदिया और अमरजीत सिंह इंद्रर सचदेवा और सीमा सचदेवा के बाद अनीतर $गुप्ता और सुनीता कुकरेजा ने गीत प्रस्तुत किए।

# राधा कृष्ण के भजनों में सब जमकर झूमे

- योग परिवार ने होली उत्सव उत्साह और उमंग से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी और योग परिवार ने होली का उत्सव उत्साह और उमंग से मनाया। सेक्टर 9 कृष्ण कृपा धाम योग कक्षा द्वारा श्री राम मंदिर में आयोजित होली उत्सव में होली के भजनों की धूम रही और सभी शिक्षकों और साधकों में इसमें भाग लिया। इस कक्षा के शिक्षक शिवानी कंबोज,राजेंद्र पपनेजा और कुसुम राणा की अगवाई में होली का बहुत सुंदर आयोजन हुआ। मंदिर के प्रांगण में फूलों से होली खेलकर पानी बचाने का संदेश भी दिया गया। आगंतुकों का स्वागत तिलक लगाकर और फूलों से किया गया। भजन गायिका उर्मिला ने अपने भजनों द्वारा माहौल को संगीतमय कर दिया और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने होली के गीत गाकर सबको आनंद विभोर कर दिया। सभी होली के रंग में रंगे हुए नजर आए। राधा कृष्ण के भक्तिमय भजनों मे सब झूमे। सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

# बस और कंबाइन की टक्कर, बस चालक की मौत, लगा जाम

- हादसे के बाद बस यात्रियों में मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

झिलमिल ढाबा के नजदीक एक बड़ा हादसा हो गया। जहां पर राजस्थान रोडवेज की बस और कंबाइन की टक्कर हो गई। जिसमें बस सडक़ से उतरकर खाई में जा गिरी और पेड़ से टकराकर रुक गई। हादसे में बस ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जयपुर से लुधियाना जा रही राजस्थान रोडवेज की बस झिलमिल ढाबा के पास पहुंची तो सामने से आ रही कंबाइन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंबाइन का पिछला हिस्सा हाईवे पर पलट गया, जिससे सडक़ पर जाम लग गया। वहीं, बस असंतुलित होकर सडक़ से नीचे उतर गई और खाई में गिरते हुए एक पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस में बैठे लोग घबरा गए और चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। ढाबे पर मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बस का इमरजेंसी एग्जिट खोला और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान मौके पर हडक़ंप की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि कंबाइन पहले से ही सडक़ पर पलटी हुई थी। बस ड्राइवर ने कंबाइन को बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई और पेड़ से जा टकराई। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

# तिलक लगाकर वैदिक होली मनाई

- आर्य पुरोहितों ने पांच कुंडीय यज्ञ, यजुर्वेद की पूर्ण आहुति डाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल




करनाल। वैदिक होली कार्यक्रम में गणमान्य लोगों को सम्मानित करते हुए।

आर्य समाज सेक्टर आठ-नौ ने आर्य केंद्रीय सभा करनाल के तत्वावधान में वैदिक होली कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी भवन में किया। कार्यक्रम की शुरूआत आर्य पुरोहितों द्वारा वेद मंत्रों से पांच कुंडीय यज्ञ , यजुर्वेद की पूर्ण आहुति करके की गई। इसके बाद चंदन का तिलक लगाया गया। गुरुकुल कुरुक्षेत्र से पहुंचे प्रसिद्ध वैदिक संगीताचार्य श्री जयपाल आर्य जी ने प्रभु भक्ति, ऋषि भक्ति व देश भक्ति के भजनों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम के पूर्व ओएसडी संजय बठला ने शिरकत की।

उन्होंने होली के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सच्ची होली तभी सार्थक है यदि हम पिछले सभी मनमुटाव बुलाकर प्रेमपूर्वक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाजपत राय ने की। मंच संचालन सचिव वेद मित्र आर्य ने किया। आर्यजनों ने भी प्रभु भक्ति, देश भक्ति, हास्य व्यंग्य, कविताएं व चुटकुले प्रस्तुत कर सभी को हर्षित किया। अंत में आर्य समाज सेक्टर आठ-नौ के प्रधान भोपाल सिंह आर्य व आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान प्रो. आनंद सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।



### सर्वसम्मति से एसडी अरोड़ा को समिति को चेयरमैन बने

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण समिति करनाल का त्रैवार्षिक चुनाव सेक्टर-13, आर्य समाज मन्दिर में करवाया गया। वर्तमान में एस.डी. अरोड़ा समिति प्रधान एवं चेयरमैन का कार्य स्वंय कर रहे हैं। आज एस.डी. अरोड़ा ने प्रधान पद से त्यागपत्र दे दिया है और समिति चेयरमैन का कार्य सभा की सहमति से वह आगे भी करते रहेंगे। सभा ने सर्वसम्मति से एस.डी. अरोड़ा को समिति का चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। जिसके अनुसार एस.डी.अरोड़ा चेयरमैन, अंजु शर्मा प्रधान, सुरेश खन्ना, वरिष्ठ उप-प्रधान, डॉ. पुष्पा सिन्हा, उप-प्रधान, के. एल. नारंग, जनरल सेक्रेटरी, बाबु राम शर्मा, ज्वाइंट सैक्रेटरी एवं श्री अुर्जन देव वर्मा को कैशियर के पद पर चुना गया। चुनाव कार्यक्रम में एस.डी. अरोड़ा, रामरतन अत्री, कंवल भसीन, अंजु शर्मा, सुरेश खन्ना, डॉ. एस.के .शर्मा, अनिल अरोड़ा, एस. के. चावला, ओ.पी.सचदेवा, बाबु राम शर्मा, हेम राज मित्तल, बी.डी. खुराना, एच.डी.कथूरिया, शशि आर्या, सरोज कथूरिया, अनिला सिन्हा, आकाश रतन, हन्नी शर्मा, हरिताभ भारती आदि उपस्थित रहे।

### जेसीआई करनाल गोल्ड की ओर से मनाया होली पर्व

**करनाल।**सामाजिक संस्था जेसीआई करनाल गोल्ड ने भाईचारे का प्रतीक होली का पावन पर्व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का नाम जश्न-ए-होली, रंगों का उत्सव, दोस्ती का एहसास/" रखा गया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर जहां संस्था के सदस्यों ने होली की बधाई दी, वहीं फिल्मी गानों और ढोल की थाप जमकर डांस भी किया। संस्था की महिला विंग और जूनियर विंग ने कार्यक्रम में पूरा लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्रधान जेसी प्रमोद बंसल, सचिव जेसी अजीत बंसल, जेसी अमित सिंगला व जेसी विकास गोयल ने गुलाल लगाकर सभी सदस्यों का स्वागत किया।

# मिड डे मील वर्कर यूनियन की मांगों पर बनी सहमति

- वार्ता समिति की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संग हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



मिड डे मील वर्कर यूनियन की जिला करनाल की वार्ता समिति की मीटिंग जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करनाल के साथ हुई। मीटिंग में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहताश व सभी ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद थे। यूनियन की ओर से प्रधान शिमला देवी, सचिव संतोष, कैशियर ओपी माटा, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, घरौंडा ब्लॉक प्रधान कमलेश व निसिंग की प्रधान गीता शामिल रहे। मीटिंग में मिड डे मील वर्कर यूनियन की ज्यादातर मांगों पर सहमति बनी है। पिछले केंद्र सरकार से मिलने वाले 1000 रुपए बकाया मानदेय, फरवरी माह का मानदेय ,किसी भी स्कूल मे लकडी का चुल्हा नही चलेगा, किसी भी मिड डे मील को चपडासी की जगह नही लगाया जाएगा, मानदेय बजट आने के बाद एक सप्ताह तक कुकस के खाते मे डाला जाऐगा, किसी भी मिड डे मील से बेगार नही ली जाऐगी, जनवरी के 15 दिन का मानदेय देने, व स्कूलों मे बच्चे बढने पर हटाई गई कुक को दोबारा नौकरी पर लगाने बारे निदेशक को तुरंत पत्र लिखा जाऐगा, स्कूलों में सब्जी उगाने बारे मिड डे मील वर्कर अध्यापक, बच्चे व क्लास-4 भी साथ-साथ काम करेंगे। इस अवसर पर सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, संतोष, ओपी माटा, कमलेश, शिमला व गीता मौजूद रहे।

# विद्याश्री छात्रवृत्ति योजना: 40 छात्राओं मिलेगी मुफ्त शिक्षा

- परीक्षा के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2025

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते अनंत चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी आशीष नेहरा व अन्य।

विद्याश्री छात्रवृत्ति योजना के तहत 9वीं व 11वीं कक्षा की 40 होनहार छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। यह जानकारी अमातिर कन्या गुरुकुल बचगांवा गामडी में पत्रकार वार्ता के दौरान अनंत चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी आशीष नेहरा ने दी। आशीष नेहरा ने बताया कि अनंत चैरिटेबल ट्रस्ट ने जेनेसिस क्लासेस और अमातिर कन्या गुरुकुल के साथ मिलकर विद्याश्री छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। यह छात्रवृत्ति उन प्रतिभाशाली और योग्य बेटियों के लिए है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाती है। छात्रवृति परीक्षा 30 मार्च को दोपहर 2 बजे अमातिर कन्या गुरुकुल बचगांवा गामडी कुरुक्षेत्र में होगी। इस अवसर पर जेनेसिस क्लासेस के एमडी जितेंद्र अहलावत, अनंत चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य दीपक चिब, जेनेसिस क्लासेस के एडमिनस्ट्रेटर सुबेदार रविंद्र कौशिक व अमातिर कन्या गुरुकुल की प्रिसंपील शालू शर्मा मौजूद रहे। जेनेसिस क्लासेस के एमडी जितेंद्र अहलावत ने बताया कि छात्रवृति योजना के तहत 40 सीटे उपलब्ध है जिनमें 9वीं कक्षा के लिए 20 सीटें और 11वीं कक्षा के लिए 20 सीटें रहेगी। जो छात्राएं इस योजना में चयनित होंगी उन छात्राओं को नीट, जेईई व एनडीए जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी मार्गदर्शन किया जाएगा। जो छात्राएं अन्य जिलों से है उन्हें स्कूल टयूशन फीस किताबों और यूनिफार्म की सहायता निःशुल्क दी जाएगी। सुबेदार रविंद्र कौशिक ने बताया कि परीक्षा के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2025 है। परीक्षा के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन स्कूल की वेबसाइट पर जाकर, स्कूल में आकर या फिर जेनसिस क्लासेस कुरुक्षेत्र में आकर किया जा सकता है। परीक्षा के लिए देशभर से वे छात्राएं आवेदन कर सकती है जो वित्तीय कमी के चलते अपनी शिक्षा पूरी नही कर पाती है।

# बुजुर्गों के साथ मनाई होली

- अकादमी के कलाकारों ने होली के गीत गाए, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल




चाहत कराओके अकैडमी ने होली का पावन पर्व सुभद्रा मानव कल्याण सेवा संस्थान में रह रहे बुजुर्गों के साथ मनाया। बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान देख कर सबको सुकून मिला। अकादमी के कलाकारों ने होली के गीत गाए।

एक-दूसरे को त्योहार की बधाई देने के साथ-साथ बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। ऑर्गेनाइजर विनोद कुमार वर्मा ने तौबा ये मतवाली चाल..., जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे तथा टीम मैनेजर किरण चड्ढा ने अजीब दास्तां है ये, श्रवण बठला और किरण चड्ढा ने जोगी जी धीरे-धीरे, सुमित मिगलानी ने गम का फ़साना बन गया अच्छा, नरेंद्र वर्मा ने रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे जैसे होली के गीत गाए। सुभद्रा मानव कल्याण सेवा संस्थान की संचालिका नीलू ने होली पर्व बुजुर्गों के साथ मनाने पर अकादमी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आश्रम की गतिविधियों से सबको अवगत करवाया। अकादमी के आर्गेनाइजर विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि होली का पर्व भाईचारे का प्रतीक है। हमारा सौभाग्य है कि होली का पर्व हमें बुजुर्गों के साथ मनाने का अवसर मिला। अकादमी की ओर से भविष्य में आने वाले त्योहार इसी आश्रम में मनाने का प्रयास किया जाएगा।

**आह्वान** शहर के राईस मिलर, उद्योगपति व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद

# गोहत्या रोकने के लिए हिंदुओं को जागरूक होना होगा: शंकराचार्य

युवाओं को अपने जो धर्म की रक्षा करने के लिए आगे आना चाहिए

- गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड में पहुंचे शंकराचार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी



तरावड़ी । स्वामी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का स्वागत करते हुये

सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए हर हिंदू का धर्म है। सबसे पहले हमने सनातन धर्म को समझना होगा धर्म कह रक्षा करते करते अधर्म की रक्षा हो जाती है। हिंदुओं को अपने धर्म की रक्षा करने के लिए आगे आना होगा। गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड में पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा। गोहत्या के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्हें कहा गोहत्या रोकने के लिए हिंदुओं को जागरूक होना होगा। देश में जगह-जगह गोहत्या हो रही है लेकिन हम सनातनी इसकी ओर ध्यान नहीं दे रहे। हिन्दू जागरूक नहीं हो रहा। हमें इनके खिलाफ आवाज उठनी चाहिए गौ माता हमारी पूजनीय है आज भी हिंदुओं के घर में सुबह पहली रोटी गोमाता के नाम की निकली जाती है। हम अपने धर्म और संस्कृति को समझेंगे। युवाओं को अपने जो धर्म की रक्षा करने के लिए आगे आना चाहिए । गैलेक्सी बासमती चावल के मिल मे पहुंचनें पर गैलेक्सी परिवार के सदस्यों ने फूल मालाओं से शंकराचार्य जी का स्वागत किया। गोयल इंटरनेशनल के सीएमडी विजय गोयल, कृष्ण गोयल, मुनीष गोयल ने परिवार के साथ शंकराचार्य जी की पूजा अर्चना की। शहर के राईस मिलर, उद्योगपति व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शंकराचार्य के समक्ष शीश नवां उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गोयल परिवार विपुल गोयल, मनीष गोयल, अकुल गोयल, सतीश गुप्ता, शिव शक्ति राइस इंटर ग्लोबल के सीएमडी रमेश गुप्ता, लाला साधुराम सिंगला, राइस मिलर एसोसिएशन के नरेश बंसल, लाला कृष्ण चंद सिंगला, विरेंद्र बंसल, अशोक गोयल, रविन्द्र सिंगला, प्रदीप गुप्ता, राकेश गर्ग, सचिन गर्ग, राजीव नांरग, संजय सिंगला, राकेश हंस, तिलक राज मक्कड़, सुभाष गुप्ता, शीशपाल गुप्ता, पंकज गुप्ता सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### टीबी के लक्षण के बारे में दी जानकारी

**समालखा।** ओम प्रकाश टीबी सुपरवाइजर समालखा ने टीबी बीमार के बारे में बताया कि इसके लक्षण क्या हैं। इसका उपचार कितने महीनों के लिए है और सरकार ने इस कार्यक्रम को हिंदुस्तान से खत्म करना है के लिए क्या लक्ष्य रखा है। बलगम के साथ खून आना इसका पहला लक्षण है। इस प्रकार से अगर आपके पड़ोस में या रिश्तेदारी में कोई ऐसा व्यक्ति दिखायी दे आप उसको तुरंट सुझाव दें कि अपने नजदीकी हस्पताल में जाएं और अपने बलगम की टीबी संबंधि जांच कराएं। टीबी डिक्लेयर हो जाती है तो उसके लिए सरकार छह महीने की उसके मुफ्त में दवाई दी जाती है।

### पत्रकारों की मासिक पेंशन बढ़ाने की मांग

**पानीपत।** हरियाणा पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पत्रकारों को 5 लाख रुपये का चिकित्सा बीमा संरक्षण देने वाले कैशलैस योजना को 17 मार्च को 2025-26 के बजट में लागू करने की घोषणा करने की मांग की है। इसी प्रकार नए बजट में वृद्ध पत्रकारों की मासिक पैंशन को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने की भी मांग की है।

### फर्जी फैमिली आईडी की जांच हो

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन की एक बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें हरियाणा में फर्जी फैमिली आईडी बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों की जांच कराने के लिए हरियाणा के राज्यपाल को शीघ्र ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

### जीवन में सदैव नित्य श्री गीता जी का पाठ करो

**पानीपत।** पानीपत की गीता कॉलोनी स्थित श्री गीता मंदिर में नित्यलिलालीन सदगुरुदेव स्वामी श्री गीता नंदजी महाराज की छत्रछाया व स्वामी अवशेषानंद विद्यमानता में तीन दिवसीय श्री गीता महायज्ञ संपन्न हुआ। वहीं, वृन्दावन से श्री गीता आश्रम से पधारे स्वामी अवशेषानंद जी ने सभी को आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन में सदैव सत्संग करो, नित्य श्री गीता जी का पाठ करो, नेकी व परमार्थ के कार्य करते हुए अपने जीवन को सेवाभावी बनाओ। भजन सम्राट महावीर शर्मा ने भक्ति गीत गाए।

### पुलिस ने चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने में देशराज कॉलोनी में घर में चोरी करने वाले आरोपी गोलू पुत्र भूरेलाल निवासी देशराज कॉलोनी को अग्रसेन अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में गोपाल पुत्र भोरन निवासी गांव सिहावली जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार देशराज कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपी से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद किया है। वहीं गोपाल पर पहले भी इसी थाने में चोरी के आरोप में केस दर्ज है।

### मारपीट का आरोपी पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने मंजीत निवासी गांव कालखा को गंभीर चोट मारने मामले में फरार आरोपी सुनील उर्फ शीला निवासी गांव नैन को गिरफ्तार किया है। थाना मतलौडा प्रभारी महाबीर ने बताया कि इस मामले में राहुल, विवेक उर्फ काला निवासी गांव भंडारी, अजय निवासी गांव उरलाना कला व साहिल निवासी गांव नैन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं इस मामले में घायल मंजीत के पिता ओम प्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### कांशीराम को श्रद्धांजलि दी

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना की एससी चौपाल में बसपा संस्थापक कांशीराम की 91वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बसपा हरियाणा महासचिव सरदार सुमेर सिंह मौजूद रहे। सुमेर सिंह ने कहा कि कांशीराम ने पिछड़े और शोषित समाज को नई दिशा दी। उन्होंने शिक्षा का महत्व समझाया।

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत में इसराना के गांव नौल्था में प्रसिद्ध होली फाग महोत्सव में शिरकत की

# पानीपत में होली पर्व धूमधाम से मनाया, लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी

- ग्रामीणों ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। हर आयु वर्ग के लोगों ने होली पर एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली पर्व मनाया। इधर, हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत में इसराना के गांव नौल्था में प्रसिद्ध होली फाग महोत्सव में शिरकत की। ग्रामीणों ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ले गांव में भाई चारे की मिसाल की सराहना की। बता दें कि नौलथा का फाग महोत्सव बड़ा ही फेमस है। पूरा गांव एकजुट होकर इसमें शिरकत करता है। मंत्री पंवार ने गांव के पाना दुदान में पहुंचकर परंपरागत फाग महोत्सव का आनंद लिया।

### शिक्षा मंत्री के साथ हजारों ने खेला फाग

हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के एल्डिको स्थित आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में पूरे हरियाणा से लगभग 12,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और मंत्री महोदय के साथ रंगों की होली खेली। यह समारोह सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सद्भावना का प्रतीक बना, जहां प्रदेशभर से आए गणमान्य व्यक्तियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के साथ गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं साझा कीं। इस दौरान पूरे माहौल में होली के उत्साहजनक नारों की गूंज सुनाई दी, और सभी ने आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। इधर, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आगंतुकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का प्रतीक है। हरियाणा के लोग मेहनती, ईमानदार और संस्कारवान हैं। इसी भावना के साथ हम सभी को मिलकर प्रदेश और देश की सेवा करनी है। यह त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि हरियाणा विकास के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ सके। इधर, समारोह स्थल को रंग-बिरंगी फूलों की सजावट से अलंकृत किया गया था। पारंपरिक लोकगीतों और ढोल-नगाड़ों की धुनों पर सभी झूम उठे। प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें हरियाणवी रागनी, लोकगीत और नृत्य शामिल रहे। आगंतुकों के लिए पारंपरिक पकवानों की विशेष व्यवस्था की गई। मंत्री ढांडा ने स्वयं उपस्थित सभी लोगों के साथ गुलाल लगाकर इस उत्सव को और खास बनाया।इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, शिक्षाविद, पंचायत प्रतिनिधि और युवा साथी उपस्थित रहे। हरियाणा के कोने-कोने से आए लोगों ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के नेतृत्व की सराहना की और उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि महीपाल ढांडा जनता के बीच कितने लोकप्रिय हैं। लोगों ने उनके साथ सेल्फी लीं, आशीर्वाद लिया और आने वाले समय में उनके नेतृत्व को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मेयर कोमल सैनी, नवनिर्वाचित पार्षदो के साथ सभी गांवों के सरपंच साथी ओर अन्य सभी भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।




पानीपत। भगवान श्री कृष्ण का पूजन करते हुए संतगण व एल्डिको में होली पर्व खेलते नागरिक। फोटो :हरिभूमि

### फूलों की होली खेली

पानीपत के जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में आज होली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हे-नन्हे बच्चों ने फूलों की होली खेली। पहली कक्षा के छात्रों ने आज ब्रज में होली रे रसिया दूसरी कक्षा के छात्रों ने रंग उडने दो। कक्षा केजी आज इतना मजा क्यों आ रहा गीतों पर खूब थिरके। फूलों के संग सभी ने होली खेलकर पानी बचाव का संदेश दिया। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों के साथ फूलों की होली खेली। डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने सबको होली की बधाई दी। वहीं प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन, बलराम शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के साथ होली खेलते हुए। फोटो :हरिभूमि

### होली का लुत्फ उठाया

सलारगंज गेट स्थित फादर्स प्राइड प्लेवे में होली का त्यौहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ उनकी माता को भी स्कूल में बुलाया गया एवं सभी ने स्कूल में फूलों की होली का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सीमा कस्तूरिया, पूजा, मोना, संजना, अनु, साक्षी, कोमल, अमृत, अमन, दीपिका, दीप्ति, पिंकी, रुचि, सोनिया, नीतू, बेबी व उमा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इस्कॉन ने श्रद्धा से मनाई होली

इस्कॉन द्वारा गौर पूर्णिमा और फूल होली का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमान प्रह्लाद हरी प्रभुजी ने गौर पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन श्री चैतन्य महाप्रभु के अवतरण का प्रतीक है, जो भक्ति आंदोलन के पुनरुद्धार और प्रेम, करुणा के संदेश को फैलाने के लिए प्रसिद्ध हैं। गौर पूर्णिमा को स्वर्णिम पूर्णिमा भी कहा जाता है, जो भगवान चैतन्य महाप्रभु की दिव्य शिक्षाओं की चांदनी को दर्शाता है। कार्यक्रम में नारियल पानी, दूध, दही, फलों के रस, घी और शहद का उपयोग किया गया। इसके बाद पंचामृत को भक्तों में वितरित किया गया। फूल होली का आयोजन भी किया गया। जिसमें भगवान को अर्पित किए गए फूलों का उपयोग किया गया। भक्तों ने हरे कृष्ण की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए फूलों की होली खेली।

# सीएम नेचल रही योजनाओं का अपडेट दिया

- मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपायुक्त को मानसून की तैयारी, एसटीपी व नदियों, नालों को सफाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत के एडीसी डॉ. पकंज आदि अधिकारी, मुख्यमंत्री से वीसी पर बैठक करते हुए।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को पानीपत में सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण को लेकर उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व संबंधी विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर बरसात के मौसम के आगमन से पूर्व ड्रेनों व एसटीपी की साफ सफाई करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री सैनी ने वर्चुअल वीडियो कांफ्रेंस में से डीसी डॉ. दहिया को जल्द से जल्द योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए। इधर, डीसी डॉ. दहिया ने मुख्यमंत्री सैनी को बारिश के मौसम में जिन स्थानों पर बाढ़ की स्थिति बनती है उनको लेकर अपडेट दिया व किस तरह से कार्य किया जा सकता हैं इससे अवगत कराया। डॉ. दहिया ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की वे इस दिशा में अभी से कार्य प्रारंभ कर दे। समय कम है। शैड्यूल बना कर कार्य करें। दूसरी ओर, डॉ. दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को जिले में संचालित की जा रही योजनाओं की वर्तमान स्थिति से भी अवगत कराया। उन्होंने 10 योजनाओं पर किस तरह से कार्य होगा व कितना समय इन पर लगेगा इस बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। डॉ. दहिया ने कहा कि बरसात के समय बाढ़ के खतरे से जमीन और आबादी दोनों को बाढ़ के प्रभाव से बचाना है और बाढ़ से संबंधित आपदा पर नियंत्रण करना है। इधर, सीएम सैनी ने कहा की हमें व्यवस्था को मजबूत करना है। बाढ़ को लेकर संचालित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा भी सीएम ने बारी बारी उपायुक्तों से लिया। इस मौके पर एडीसी डॉ. पंकज, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश सैनी, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा के अलावा कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों के रवाना करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक।

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्केटिंग विभाग और कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में जीएसटी कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से एमएसएमईप्रौद्योगिकी केंद्र, पानीपत का औद्योगिक दौरा करवाया गया। इस औद्योगिक दौरे के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योग जगत की कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उनके तकनीकी व प्रबंधकीय कौशल को विकसित करना था। इस शैक्षणिक यात्रा को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, मार्केटिंग विभागाध्यक्षा एवं संयोजिका डॉ. पूनम मदान, डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ. सुनीता, प्रो.कनक शर्मा एवं डॉ. चेतना नरूला ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस औद्योगिक दौरे के अंतर्गत लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने इस पहल की सराहना की और कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ साथ उन्हें भविष्य के लिए रोजगार उन्मुख बनाना है इस तरह के इंडस्ट्रियल विजिट विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं।


### गृह मंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**समालखा।** समालखा में फल की रेहड़ी लगाने वाला धोखाधड़ी का शिकार हो गया। रेहड़ी लगाने वाले ईश्वर सिंह को ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी ने बिना जानकारी के कंपनी का डायरेक्टर बना गया था। वहीं, ईश्वर सिंह के साथ पानीपत के विकास पवार और संजय वर्मा भी इस धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। कंपनी के हरियाणा प्रमुख बिजेंद्र रूहिल ने इन्हें मामूली एजेंट बनाया था। इसके लिए सिर्फ फॉर्म पर हस्ताक्षर और आईडी प्रूफ लिए गए थे। इधर, कंपनी के मालिक समीर अग्रवाल और बिजेंद्र रूहिल जमाकर्ताओं के हजारों करोड़ रुपये लेकर फरार हो गए हैं। अब पता चला है कि उन्होंने इन गरीब लोगों को कंपनी का डायरेक्टर दिखाया है। इन तीनों को न कभी किसी मीटिंग में बुलाया गया, न वेतन दिया गया और न ही कोई जानकारी दी गई।आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर और पीड़ितों ने गृह मंत्री अमित शाह को शिकायत भेजी है। इसकी प्रतियां आरबीआई गवर्नर, कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री को भी भेजी गई हैं। कपूर का आरोप है कि पुलिस बड़े अपराधियों को छोड़कर गरीब एजेंटों और क्लर्कों को गिरफ्तार कर रही है। इधर, पीड़ित जमाकर्ता और एजेंट 25 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे।

# रविंद्र का पार्थिव शरीर दान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के न्यू रमेश निवासी 71 वर्षीय रविंद्र मनोचा अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में लीन हो गए। वहीं मनोचा की अंतिम इच्छा पर फूल चढ़ाते हुए उनके परिजनों ने रविंद्र मनोचा की आंखों के साथ पार्थिव शरीर भी दान कर दिया। स्मरणीय है कि जीते जी रविंद्र मनोचा जरूरमंद लोगों की मदद करते रहते रहे। वहीं रविंद्र मनोचा का पार्थिव देह इसराना के मेडिकल कॉलेज में दान किया गया। इस अवसर पर रविंद्र के परिजना, रिश्तेदार, मित्रगण, आसपडोसी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। रविंद्र मनोच के परिजनों को सम्मानित करते हुए जन सेव दल के पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

## पानीपत को एनीमिया मुक्त करने को अभियान तेजी से जारी

# अभियान के तहत हर आयु वर्ग के 50 हजार लोगों में एनीमिया की जांच की जाएगी

### 45 प्रतिशत बच्चों में भी खून की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

स्वास्थ्य विभाग एनीमिया मुक्त अभियान में तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग अब तक 10931 बच्चों, किशोरियों, महिलाओं व पुरुषों में रक्त की जांच कर चुका है। फरीदाबाद के बाद पानीपत जांच करने में दूसरे स्थान पर है। स्मरणीय है कि पानीपत स्वास्थ्य विभाग ने पांच साल तक के 1342, पांच साल से आठ साल तक के 965, 10 से 19 साल तक 1353 बच्चों व किशोरों और 867 गर्भवतियों की जांच की है। वहीं, जांच में पता चला कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले की 60 प्रतिशत गर्भवतियों में खून की कमी है। 20 प्रतिशत गर्भवतियों में तो आठ ग्राम से भी कम खून है। वहीं 45 प्रतिशत बच्चों में भी खून की कमी है। 25 प्रतिशत से अधिक बच्चे गंभीर एनिमिक की श्रेणी में आते हैं। इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक माह का एनीमिया मुक्त अभियान शुरू किया था। यह अभियान अप्रैल तक चलेगा। इसमें लगभग 50 हजार गर्भवतियों, बुजुर्गों, बच्चों व नौ जवानों की जांच की जाएगी। रक्त की कमी मिलने पर प्राथमिक स्तर पर आयरन की दवा दी जा रही है। वहीं अब गंभीर एनीमिया रोगियों को दवाएं देने के साथ जब तक ये ठीक नहीं होते तब इनकी मॉनिटरिंग कर फीडबैक भी लिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का फोकस ईंट भट्ठों व फैक्टरियों में रहने वाले प्रवासियों पर है। मॉनिटरिंग के लिए आशा वर्कर को इस अभियान से जोड़ा गया है। अभियान पूरा होने के बाद रिपोर्ट मुख्यालय में सौंपी जाएगी।

### रक्त की कमी दूर करने ये है

पीड़ित नागरिक अपनी आयु के हिसाब से सिरप-गोली ले सकता है। जैसे शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के लिए-आयरन सिरप, छह से नौ वर्ष-गुलाबी गोली, 10 से 19 वर्ष के किशोरों व युवाओं के लिए-नीली गोली, गर्भवती-स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए-लाल गोली को सेवन कर सकता है। ये दवाएं निशुल्क राजकीय अस्पतालों में उपलब्ध है। पानीपत के सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि बताया कि एनीमिया मुक्त अभियान के दौरान झुग्गियों, फैक्टरियों व ईंट भट्ठों पर रहने वालों पर स्वास्थ्य विभाग का फोकस है। यहां विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है। सामान्य, मध्यम व गंभीर एनीमिया के रोगियों के वर्ग बनाए गए हैं। पानीपत में एनीमिया बड़ी चुनौती है। हर महीने होने वाली गर्भवतियों की जांच में भी 60 फीसदी गर्भवतियों में खून की कमी मिलती है। पानीपत में इससे पहले ये अभियान सात दिनो के लिए हर तीन महीने के बाद तक चलता था। कुछ दिन पहले 100 दिनों तक भी एनिमिया मुक्त अभियान चला है। अब यह मासिक अभियान जिले की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्तर पर चलाया जा रहा है।

### शरीर में खून की कमी के ये है लक्षण

नींद नहीं आना, आंख की रोशनी कम होना। थकान महसूस होना, काम में मन नहीं लगना। त्वचा, जीभ और आंखों में में पीलापन। होंठ व नाखूनों का रंग भी बदलना। दिल की धड़कन असामान्य होना। सिरदर्द, श्वास लेने में दिक्कत। चेहरे और पैरों पर सूजन।

## न्यूज डायरी

### पुलिस ने अपहृत बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करवाया

**पानीपत।** पानीपत की बबैल रोड के सर छोटू राम चौक से 10 मार्च की दोपहर को अपहरण की गई 10 साल की लड़की का शव 13 मार्च को सोनीपत की नहर से बरामद हुआ था। सोनीपत पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल कर पानीपत पुलिस को सूचित किया था। सोनीपत के खानपुर मेडिकल कॉलेज में बच्ची के शव का 14 मार्च को पोस्टमॉर्टम करवाया गया। इधर, किला थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने कहा कि पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट सोमवार को मिलेगी, तभी स्पष्ट होगा कि बच्ची की मौत किस तरह हुई है। इसके अलावा संदिग्ध आरोपी की तलाश की जा रही है। आमजन से आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। संदिग्ध आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। बच्ची के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मामले की आगामी कार्रवाई जारी है। दूसरी ओर, एसपी को दी शिकायत में लड़की के पिता ने बताया था कि उनकी पुत्री 10 मार्च को किला थाना में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। लेकिन अब उसे पता लगा है कि उसकी बेटी का अपहरण रामनगर बबैल रोड के रहने वाले संदीप ने किया है, जोकि हाली कॉलोनी में अपनी फास्टफूड की दुकान भी चलाता है। वह मौका लगते ही उसकी बेटी को उठाकर ले गया, जोकि पिछले दो दिनों से लापता है। पिता ने कहा कि उसे आशंका है कि संदीप उसकी बेटी को जान से मार सकता है, जल्द से जल्द उसकी बेटी को बरामद किया जाए व संदीप के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।



### होली-रमजान मुबारक कार्यक्रम धूमधाम से हुआ

**पानीपत।** गांधी ग्लोबल फैमिली और हली पानीपत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में होली और रमजान मुबारक का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो रमजान के 13वें रोजे पर मनाया गया। जिसमें नव निर्वाचित पार्षद अंजली शर्मा मुख्य अतिथि रही। राष्ट्रीय एकता, सर्व धर्म समभाव और साम्प्रदायिक सद्भाव पर विचार-विमर्श और काव्य पाठ हुआ। गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव राम मोहन राय, हाली पानीपत ट्रस्ट के सह प्रभारी दीपक, संत निरंकारी मिशन से संजीव नंदवानी, आम आदमी पार्टी के प्रीत पाल खेरा,आवामी एकता मंच के संयोजक संजय कुमार, पवन कुमार सैनी, विदुर फोर एडवोकेट, जय गोपाल वधवा, मुस्लिम समुदाय से अल्ताफ अहमद, इर्शाद अली, बाबु खान मलिक, रेहाना खान, सनातन धर्म संगठन के सतीश शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### होली पर श्याम बाबा के दर्शनों को पहुंचे हजारों भक्त

**समालखा।** हारे का सहारा है बाबा श्याम, इससे ज्यादा कोई राज नहीं जिसके सिर पर हाथ हो श्याम बाबा का इससे महंगा कोई ताज नहीं। यह विचार वृंदावन ट्रस्ट के महासचिव हरीश बंसल ने कहे। मंदिर समिति के प्रधान रोशन लाल छौक्कर ने कहा कि पहले धाम में होली पर श्याम प्रेमियों की भीड़ बिल्कुल ना के बराबर होती थी लेकिन अब मंदिर में सुबह से ही श्याम प्रेमी बाबा संग होली उत्सव मनाने आ रहे हैं।

